# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।

E-mail Address : dfo-chatranorth@gov.in, Phone No. : 06541-296022


पत्रांक : दिनांक :

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
चतरा।

**विषय :–** **ग्राम–बोंडा, थाना–हंटरगंज–133, खाता न0–85, प्लॉट न0–40 पर 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु 4.04 हे0 अधिसूचित वनभूमि अपयोजन के संबंध में।**

**प्रसंग :–** आपका पत्रांक 32 दिनांक 07.01.2023 एवं क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का पत्रांक 15 दिनांक 03.01.2023

महाशय,

उपयुर्क्त विषयक प्रसंगाधीन के सम्बंध में सूचित करना है कि ग्राम–बोंडा, थाना–हंटरगंज–133, खाता न0–85, प्लॉट न0–40 पर 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु 4.04 हे0 अधिसूचित वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव आठ प्रतियों में इस कार्यालय का पत्रांक 1600 दिनांक 07.06.2019 द्वारा प्रेषित की गयी थी तथा गैर वनभूमि पर क्षतिपुरक वनरोपण का प्रस्ताव भी इस कार्यालय का पत्रांक 1861 दिनांक 29.09.2022 द्वारा समर्पित की गयी थी, तदनुरूप उक्त प्रस्ताव प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची ने अपने पत्रांक 1120 दिनांक 02.11.2022 द्वारा अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड, रांची को भेज दी गयी। बाद में ज्ञात हुआ कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, रांची ने अपने ज्ञापांक 1298 दिनांक 08.07.2019 द्वारा उक्त ग्रिड सब स्टेशन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि पर कुल 948 वृक्षों जिसमें 577 सागवान वृक्ष है, का पातन के कारण आपति लगाकर वैकल्पिक स्थल का चुनाव करने हेतु निदेश दिया गया था, जिसमें इस प्रकार की बर्बादी संभावित न हो सके। इसी आपति के आलोक में आपके पत्रांक 32 दिनांक 07.01.2023 एवं क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का पत्रांक 15 दिनांक 03.01.2023 द्वारा भी सुस्पष्ट मंतव्य की मांग की गयी है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में इस कार्यालय का पत्रांक 61 दिनांक 06.01.2023 द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण से पुनः वैकल्पिक स्थल चयन हेतु निदेश दिया गया, जिसपर प्रयोक्ता अभिकरण ने अपने पत्रांक 17 दिनांक 12.01.2023 (छायाप्रति सलंग्न) द्वारा सूचित किया है कि :–

***"पुनः स्थल निरीक्षण के उपरान्त प्रस्तावित ग्रिड सब–स्टेशन भूमि का orientation उसी प्लॉट सं –40, खाता सं 85 रकबा – 4.04 हे0 में पुनः बदलाव कर कम से कम वृक्षों के पातन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित ग्रिड सब–स्टेशन के निर्माण का निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत निम्नलिखित वृक्षों का पातन ग्रिड निर्माण हेतु किया जा सकता है :–***

***(क) सागवान वृक्ष – 66 पेड़***
***(ख) महुआ वृक्ष – 31 पेड़***
***(ग) शीशम वृक्ष – 55 पेड़***
***कुल वृक्ष – 152 पेड़***

***नव orientation स्थल का kml file एवं वृक्षों की सूची तैयार कर आपके कार्यालय में अग्रतर कार्यवाही हेतु समर्पित किया जा रहा है ।***

*विदित हो कि पूर्व में प्रस्तावित ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु स्थल में पड़ने वाले एवं पातित होने वाले कुल 948 वृक्षों की तुलना में वर्तमान में पातित होने वाले कुल 152 वृक्षों की संख्या कम है।*

***महाशय से कहना है कि उक्त ग्रिड सब–स्टेशन को दो संचरण लाइनों से जोड़ा जाना है जिसका वन प्रस्ताव भी समर्पित किया जा चुका है तथा दोनों संचरण लाइनों (132 के0 वी0 हंटरगंज – चतरा एवं 132 के0 वी0 हंटरगंज – ईटखोरी संचरण लाइन) का शेष कार्य प्रगति पर है एवं प्रस्तावित 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब–स्टेशन हंटरगंज जिसका निर्माण कार्य चयनित भूमि अंचल – हंटरगंज के ग्राम – बोंडा, खाता न0–85, प्लॉट न0–40 के अलावा अन्यत्र किसी प्लॉट पर बनाना राज्य सरकार एवं निगम के हित में सही प्रतीत नहीं होता है। विदित हो कि उक्त प्लॉट के लिए उपायुक्त चतरा द्वारा FRA & NOC भी निर्गत किया जा चुका है।"***

प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पुनः चयनित वैकल्पिक स्थल का उनके अनुरोध पर दिनांक 14.01.2023 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि पुर्ववतः प्लॉट पर ही नये स्थल का चयन में कुल 152 वृक्षों, यानि लगभग 38 वृक्ष प्रति हेक्टेयर ही पातन होगा जो भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निर्गत निदेशों के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि उक्त ग्रिड सब स्टेशन के दो ट्रांसमिशन लाईन क्रमशः चतरा से हंटरगंज 132 के.वी. तथा ईटखोरी से हंटरगंज 132 के.वी, से जोड़ा जाना है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में पुर्व के प्लॉट पर ही चयन किये गये नये प्रस्तावित स्थल उक्त ग्रिड सब स्टेशन के लिए उपयुक्त है, जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया है तथा उसका फोटोग्राफ्स तथा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित की गयी **Geo-Reference Map, Topo Map, Kml File, Cadastral Map, Tree Enumeration List** इत्यादि इस पत्र के साथ आठ प्रतियों में सलंग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि चयनित वैकल्पिक स्थान पर ग्रिड सब स्टेशन निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु0:– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

**ह0/–**
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

**ज्ञापांक ...................../ दिनांक .......................**

**प्रतिलिपिः–** क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग/प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

Receive
21/01/2023

**ज्ञापांक** 169 **/ दिनांक** 16·01·23

**प्रतिलिपिः–** वरीय प्रबंधक, संचरण प्रमंडल, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/01/2023
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।
16/01/23